# मारुती बाबा के आकस्मिक निधन से सनातन समाज में शोक श्रद्धांजलियों का दौर जारी



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** शांति और सद्भावना में विश्वास रखने वाले परम पूज्य संत श्री मारुति बाबा का बुधवार को देर रात गुरु का ताल स्थिति गुरुद्वारा में आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन के समाचार से सनातन समाज में शोक की लहर दौड़ गई है और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों का तांता लगा हुआ है। बता दें कि मारुति बाबा मूल रूप से प्रयागराज के रहने वाले थे, वे लगभग 70 वर्ष के थे। वे शारिरिक रूप से भी स्वस्थ थे। बुधवार देर रात गुरु का ताल स्थिति गुरुद्वारा में लगभग 2 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली, वे राष्ट्रवादी विचारधारा के पोषक थे। उन्होंने हिन्दू वादी संगठन अखंड भारत हिन्दू संस्थान के माध्यम से समाज को जागरूक किया। फिलहाल वे संगठन में राष्ट्रीय महामंत्री का दायित्व संभाल रहे थे और गुरुद्वारा में रहकर अपनी सेवाएं दे रहे थे, वे हिन्दू से सिख पंथ में आस्था जताते हुए परिवर्तित हो गए थे और गुरुओं की मानवतावादी परंपरा को आगे बढ़ा रहे थे। संगठन के अध्यक्ष गोपाल सिंह चाहर ने बताया कि मारूति बाबा का आज सुबह तडके गुरुद्वारा सिकंदरा में आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में शोक? की लहर दौड़ गई है। मारुति बाबा संत समाज में बेहद महत्व रखते थे, वे प्रयागराज के रहने वाले थे। हमेशा शांति और? सदभाव एवं भाईचारे में विश्वास रखते थे। पिछले दस वर्षों से गुरुद्वारे में अपनी सेवाएं देते चले आ रहे थे। उन्होंने हिंदूवादी संगठनों में विभिन्न विभिन्न पदो पर रह कर हिंदुत्व का अलख जगाया। शशि लवानिया राष्ट्रीय महामंत्री एवं जल सिह एडवोकेट प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक गर्ग राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी प्रदीप शर्मा एडवोकेट राष्ट्रीय विधि सलाहकार राजेश जैन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने राष्ट्रीय महामंत्री मारुती बाबा के ब्रह्मलीन होने पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा अभी मारुती बाबा की बहुत जरूरत है इनके निधन से अखंड भारत हिन्दू संस्थान संगठन के साथ समाज को गंभीर छति पहुंची है जिसकी भरपाई अभी संभव नही लगती। शोक व्यक्त करने वालो में गोपाल सूर्यवशी प्रदेश महामंत्री प्रमोद चौधरी प्रदेश मंत्री पूनम राठौर मंडल अध्यक्ष महिला मंच मानसी सिकरवार मंडल प्रभारी महिला मंच आकाश जादौन महानगर अध्यक्ष युवा मंच मौजूद रहे।

# घर में लटका मिला युवक का शव : परिजनों ने लगाया पत्नी पर हत्या का आरोप, पुलिस कर रही जांच



**आगरा।** थाना एत्माद्दौला के प्रकाश नगर में एक युवक का शव कमरे में लटका मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के परिजनों ने पत्नी पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि प्रकाश नगर में रहने वाले सूरज ने सुसाइड कर लिया है। सूचना पर थाना पुलिस पहुंची। कमरे में फंदे से सूरज का शव लटका हुआ था। पुलिस ने शव को नीचे उतारा। सूचना पर सूरज के परिजन भी आ गए। उन्होंने बताया कि सूरज अपनी पत्नी के साथ घरवालों से दूर रहता था। परिजनों ने पत्नी पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी का कहना है कि प्रथम दृष्ट्या मामला सुसाइड का ही लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सही स्थिति का पता चलेगा।

# आगरा किला में आज से शुरू होगा रंग-ए-आगराः युगों का सफर लाइट एंड साउंड शो

**- लाइट एंड साउंड शो में आगरा की संस्कृति के साथ दिखेगा छत्रपति शिवाजी का शौर्य**
**- रोजाना होंगे दो शो, हिंदी में हरीश भिमानी और अंग्रेजी में कबीर बेदी की गूजेंगी आवाज**
**- विश्व धरोहर दिवस पर उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह करेंगे उद्घाटन**
**- योगी सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने और पर्यटकों का रात्रि प्रवास बढ़ाने के उद्देश्य से लाइट एंड साउंड की जा रही शुरुआत**

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** योगी सरकार के द्वारा ताजनगरी में पर्यटन को बढ़ावा देने और पर्यटकों का रात्रि प्रवास बढ़ाने के उद्देश्य से विश्व धरोहर दिवस पर लाइट एंड साउंड की शुरुआत की जा रही है। उत्तर प्रदेश पर्यटन द्वारा आगरा किले में 45 मिनट के पुनर्कल्पित और शानदार लाइट एंड साउंड शो रंग-ए-आगराः युगों का सफर प्रोजेक्शन मैपिंग, होलोग्राम और लेजर लाइट पर आधारित होगा। इसमें आगरा की संस्कृति, यमुना, आगरा किला के कालक्रम व वास्तुकला, मुगल इतिहास को शामिल किया गया है। लाइट एंड साउंड शो के हिंदी और अंग्रेजी भाषा में रोजाना दो शो होंगे। हिंदी के शो में हरीश भिमानी और अंग्रेजी के शो में कबीर बेदी की आवाज गूंजेगी।उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने विश्व बैंक सहायतित प्रो- पुअर टूरिज्म डवलपमेंट प्रोजेक्ट में 8.42 करोड़ रुपये की लागत से शो तैयार कराया है। आगरा किले में शुरू हो रहे लाइट एंड साउंड शो रंग-ए-आगराः युगों का सफर का आधिकारिक उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह द्वारा विश्व धरोहर दिवस ( 18 अप्रैल) पर शुक्रवार शाम किया जाएगा। यह शो आगरा के नाइट टूरिज्म परिदृश्य को समृद्ध करने वाली विश्व स्तरीय आकर्षण के रूप में डिजाइन किया गया है। मात्र 45 मिनट में आगरा के 5000 साल के इतिहास को दर्शाते हुए, यह शो दर्शकों को समय के माध्यम से एक यात्रा पर ले जाता है। अग्रवन के पौराणिक जंगलों से लेकर यमुना के तट तक, बादलगढ़ किले के आगरा किले में परिवर्तन को दर्शाता है। प्रत्येक दृश्य एक नए युग में एक सिनेमाई छलांग है, जो दिल्ली सल्तनत, मुगल साम्राज्य के चरम, औपनिवेशिक ब्रिटिश काल और स्वतंत्र भारत की भावना को समेटता है। इस शानदार कथानक को एक प्रतिष्ठित रचनात्मक टीम द्वारा जीवंत किया गया है। इस लाइट एंड साउंड शो के हिंदी और अंग्रेजी भाषा में रोजाना दो शो होंगे। हिंदी के शो में हरीश भिमानी और अंग्रेजी के शो में कबीर बेदी की आवाज गूंजेगी। प्रोजेक्शन डिज़ाइन विश्व के अग्रणी प्रोजेक्शन कलाकारों में से एक रॉस एश्टन द्वारा तैयार किया गया है, जो वैश्विक धरोहर स्थलों पर अपने विशाल कार्यो के लिए जाने जाते हैं। संगीत देबोज्योति मिश्रा द्वारा रचित है, जो रेनकोट और हजार चौरासी की माँ में अपने भावपूर्ण संगीत के लिए प्रसिद्ध हैं। पटकथा प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और इतिहासकार डॉ. चंद्र प्रकाश द्विवेदी द्वारा लिखी गई है। शो का निर्माण ट्राइकलर इंडिया शाउस्पील प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया है, जिसका निर्देशन हिमांशु सभरवाल ने किया है। ध्वनि डिज़ाइन प्रतीक बिस्वास और प्रकाश डिज़ाइन दिनेश वर्मा द्वारा किया गया है। रंग-ए-आगराः युगों का सफर न केवल शहर के समृद्ध और स्तरित इतिहास को श्रद्धांजलि है, बल्कि पर्यटकों और स्थानीय निवासियों दोनों के लिए एक परिवर्तनकारी सांस्कृतिक अनुभव भी है। यह आगरा में नाइट टूरिज्म कल्चर को बढ़ावा देने और धरोहर की कहानी कहने में एक नया मानक स्थापित करेगा। लाइट एंड साउंड शो की टिकट ऑनलाइन और ऑफलाइन (आगरा किला स्थल पर) उपलब्ध हैं। प्रति शो 300 दर्शकों को समायोजित किया जा सकता है। टिकट पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध हैं।

**शो टाइमिंग**

- हिंदी शो : शाम 7:30 बजे से 8:15 बजे तक
- अंग्रेजी शो : रात 8:30 बजे से 9:15 बजे तक

**टिकट दर**

- 7 वर्ष तक के बच्चे : मुफ्त (राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों)
- 8 से 17 वर्ष की आयुः वयस्क टिकट का 50त्न
- देसी पर्यटक : 300 रुपये
- विदेशी पर्यटक : 800 रुपये



सेवा में,

माननीय मुख्यमंत्री महोदय

उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

विषय: ट्रैफिक उपनिरीक्षक सुरेन्द्र कुमार शर्मा, आगरा द्वारा किए गए भ्रष्टाचार एवं अमानवीय व्यवहार के संबंध में शिकायत।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि मैं धीरज शर्मा पुत्र श्री शिव नारायण शर्मा, उम्र 55 वर्ष, निवासी - शर्मा ट्रांसपोर्ट कंपनी, रसूलपुर, फिरोजाबाद, एक ईमानदार ड्राइवर हूं। मैं आपके समक्ष अत्यंत पीड़ा और अपमान के साथ निम्नलिखित घटना प्रस्तुत कर रहा हूं:

दिनांक 16/04/2025 समय करीब सायं 6 बजे, को जब मैं अपनी गाड़ी जिसमें घरेलू सामान लदा हुआ था, लेकर जा रहा था, तभी **ट्रैफिक उपनिरीक्षक श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा**, जो कि **करकुंज चौराहा सेक्टर 14, आवास विकास कालोनी, सिकंदरा आगरा** में ट्रैफिक व्यवस्था में तैनात हैं, ने मेरी गाड़ी को रोक लिया। उन्होंने मुझसे **"एंट्री" के नाम पर ₹500** की मांग की। मैंने उन्हें स्पष्ट रूप से कहा कि मेरे पास फिलहाल कोई नगद राशि नहीं है, मेरी गाड़ी में केवल घरेलू सामान है, और मेरी गाड़ी किसी भी प्रकार से ओवरलोडेड नहीं है। यह सुनते ही श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा क्रोधित हो गए और **मुझे बुरी तरह लात-घूंसे मारकर बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया।** जब मैंने अपने मालिक को फोन करके स्थिति बताने के लिए मोबाइल निकाला, तो उन्होंने **मेरा फोन छीन लिया** और कहा मैंने इस नौकरी से 200 बीघा आम का बाग बुलंदशहर में खरीदा है, हाल में दो करोड़ रुपए की एक कोठी अलीगढ़ में बनाई है अगर तुझ जैसे ड्राइवर मिल गए तो मेरे बच्चे भूखे मर जाएंगे। इस घटना के करीब आधा घंटे बाद मेरा फोन देते हुए बोले कि मैंने तेरा बीस हजार रुपए का चालान कर दिया है ट्रैफिक ऑफिस से भुगत लेना और यदि भविष्य में गाड़ी चलानी हो तो किसी भी अधिकारी से एंट्री (चौथ वसूली) के मामले में मत उलझना ऊपर तक सभी अधिकारी सेट है सबको इस एंट्री में से पैसा जाता है हमारा कोई बाल बाका नहीं कर पाएगा।

कृपया इनकी उक्त संपत्ति की जांच कर एवं मेरे साथ हुई मारपीट की घटना की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।

प्रार्थी

धीरज शर्मा पुत्र श्री शिव नारायण शर्मा,
Mob: 9997259272
निवासी - शर्मा ट्रांसपोर्ट कंपनी, रसूलपुर, फिरोजाबाद।

# रालोद किसान मोर्चा के मनोनीत जिलाध्यक्ष बाबूलाल प्रधान का स्वागत हुआ



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** राष्ट्रीय लोकदल पार्टी के किसान मोर्चा के नव मनोनीत जिलाध्यक्ष बाबूलाल प्रधान का गांव पृथ्वीपुरा में डीलर रामबाबू व यशपाल प्रधान ने स्वाफा बांधकर व माला पहना कर स्वागत किया, स्वागत सम्मान मौके पर मौजूद किसान मजदूर नेता चौधरी दिलीप सिंह ने कहा कि बाबूलाल प्रधान लम्बे समय से किसानों के लिए संघर्ष को देखते हुए रालोद पार्टी ने जिम्मेदारी दी है किसानों की समस्याओं को आगे मजबूती से उठाएंगे। स्वागत सम्मान में भूपेंद्र इंदौलिया, गंगाराम माहौर, अरविन्द चौधरी, सोनू, मोहन सिंह, प्रशांत सिंह, रणजीत,लखन, प्रदीप, मनोज आदि मौजूद रहे।

# अध्यक्ष राज्य महिला आयोग उ.प्र. डॉ. बबीता सिंह चौहान ने नवीन सर्किट हाउस में की महिला जनसुनवाई

**उ.प्र.सरकार द्वारा प्रदत्त परिवारिक लाभ पेंशन योजनाओं से सभी पात्र गरीब, निराश्रित महिलाओं को ब्लॉक व पंचायत स्तर पर कैंप लगा कर किया जाए लाभान्वित- डॉ. बबीता चौहान**



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** मा. अध्यक्ष राज्य महिला आयोग उ.प्र. श्रीमती बबीता सिंह चौहान जी ने नवीन सर्किट हाउस में महिला जन सुनवाई की तथा महिला उत्पीड़न तथा सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ महिलाओं तक पहुंचाने हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सर्व प्रथम जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा मा.अध्यक्ष महोदया का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया, तत्पश्चात मा.अध्यक्ष महोदया द्वारा विगत समीक्षा बैठक तथा जनसुनवाई में आए प्रकरणों पर की गई कार्यवाही व अनुपालन आख्या को तलब किया, यथा आईसीडीएस, श्रम विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, पंचायतराज आदि विभागों से विभागीय प्रगति रिपोर्ट न प्राप्त होने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए फटकार लगाई तथा शीघ्र मांगी गई विभागीय प्रगति रिपोर्ट प्रेषित करने के कड़े निर्देश दिए।जिला स्तरीय अधिकारियों के स्थान पर अधीनस्थ अधिकारियों की बैठक में उपस्थिति पर मा. अध्यक्ष महोदया द्वारा कड़ी आपत्ति व्यक्त की तथा अनुपस्थिति सभी अधिकारियों को नोटिस देने तथा आगामी समीक्षा बैठक में स्वयं उपस्थित रहने के कड़े निर्देश दिए। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा में प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जनपद में 2982 आंगनवाड़ी केन्द्र संचालित हैं तथा 08 से 22 अप्रैल तक ब्लॉक व पंचायत स्तर व आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है,मा. अध्यक्ष महोदया द्वारा पोषण पखवाड़ा संबंधी संचालित कार्यक्रम तथा गतिविधियों संबंधी रिपोर्ट व फोटो तलब करने पर वह कोई जानकारी नहीं दे सके, विगत बैठक में चाही गई जानकारी की रिपोर्ट भी प्रेषित न किए जाने पर कड़ी फटकार लगाई तथा ससमय रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए। माध्यमिक शिक्षा विभाग की समीक्षा की तथा निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों में छात्र छात्राओं हेतु अलग अलग शौचालय निर्माण कराया गया है, सभी 40 जीआईसी में छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण, आत्मनिर्भरता, रोजगार हेतु कैरियर गाइडेंस, सेमिनार भी आयोजित करें। मा. अध्यक्ष महोदया द्वारा शौचालयों में साफ सफाई की स्थिति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई तथा निर्देश दिए कि सभी बंद पड़े शौचालयों को खोला जाए तथा उच्चस्तरीय साफ सफाई सुनिश्चित किया जाए,सभी में सेनेटरी नेपकिन वेंडिंग मशीन अनिवार्य रूप से लगाई जाएं। बैठक में जिला पंचायतराज विभाग की समीक्षा की गई जिसमें बताया गया कि जनपद में 276 ग्राम प्रधान महिलाएं हैं मा.अध्यक्ष महोदया द्वारा संबंधित को सख्त निर्देश दिए कि बैठकों में किसी भी महिला प्रधान की जगह उनके पति या अन्य निकट संबंधी को बैठने की अनुमति ना देने को निर्देशित किया गया था लेकिन अभी भी विभिन्न बैठकों में करीबी संबंधियों की उपस्थित की शिकायतें मिली हैं उन्होंने इस पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए।

तथा सभी महिला ग्रामप्रधानों, महिला पार्षद, आंगनवाड़ी, जिला पंचायत सदस्य आदि का जनपद स्तर पर सेमिनार या वर्कशॉप आयोजित कर उन्हें सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जानकारी देने तथा प्रशिक्षण दिलाए जाने हेतु कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। जन सुनवाई में सिटी मजिस्ट्रेट श्री वेद सिंह चौहान, सीएमओ डॉ अरुण श्रीवास्तव, एसीपी सुकन्या शर्मा, एसएचओ महिला थाना, पूनम, एसएचओ सदर बाजार वीरेश, एसएचओ न्यू आगरा जसवीर,जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री अजय पाल सिंह, चेयरमैन सीडब्ल्यूसी मोनिका सिंह, एडीपीआरओ संदीप वर्मा, प्रबंधक कौशल विभाग सुनील कुमार, प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी हरीश कुमार मौर्य, डिप्टी सीएमओ सुरेन्द्र मोहन प्रजापति, सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# कमरे में मिली पति पत्नी की लाशः डेडबॉडी के पास एक माह की बच्ची रो रही थी, पास में रखे थे लड्डू



वीरू, मृतक



डोली, मृतका

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** गुरुवार को कमरे के अंदर पति पत्नी की लाश मिली है। लाश के बगल में 1 महीने की बच्ची मिली। जो रो रही थी। वहां से कुछ दूरी पर एक डिब्बे में लडडू रखे हुए थे। दोनों की लाश बेड पर पड़ी थी। मोहल्ले वालों की सूचना पर पुलिस पहुंची।

शुरुआती जांच में दोनों के जहर खाकर सुसाइड करने आशंका है। पुलिस रिश्तेदारों और मोहल्ले वालों से पूछताछ कर रही है। मामला शाहगंज थाना क्षेत्र का है।

**सुबह 11 बजे दोनों ठीक थे**

डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया पुलिस को सूचना मिली थी कि आलम पाड़ा में चांदी कारीगर वीरू अपनी पत्नी डोली के साथ रहते हैं। इनकी एक माह की बेटी भी है। लोगों ने बताया कि सुबह 11 बजे तक पति पत्नी दोनों ठीक थे। लोगों ने इन्हें देखा था। इसके बाद दोनों अपने कमरे में चले गए। दोपहर 3 बजे तक जब ये बाहर नहीं आए तो कमरे में देखा। कमरे में दोनों बेड पर अचेतावस्था में थे। जब कमरे का दरवाजा तोड़ा तो इनके मुंह से झाग निकल रहे थे। पास में बच्ची लेटी थी। आशंका जताई जा रही है कि गृहक्लेश के चलते ही दोनों ने जहरीला पदार्थ खाया है।

**मोहल्ले वाले बोले परिवार से चलता था विवाद**

मोहल्ले वालों पुलिस को बताया दोनों का परिवार से विवाद चलता था। इस वजह आए दिन ये लोग लड़ते थे। कई बार हम लोगों ने सझौता कराया है। आज भी सुबह दोनों में किसी बात पर बहस हो रही थी। इसके बाद सुबह 11 बजे के बाद दरवाजा बंद कर दिया। काफी देर तक बाहर निकले। बच्ची के रोने की आवाज आई तो घटना का पता चला। वीरू चांदी कारीगर था और घर में ही पायल बनाने का काम करता था। पिता कोकामल माहौर ने पुलिस को बताया कि दंपती की परिवार वालों से नहीं बनती थी। घटना के पीछे प्रथम दृश्टया पारिवारिक क्लेश को माना जा रहा है।

# नगर निगम की जमीन पर कब्जे का प्रयासः अवैध रूप से की गई तारबंदी को टीम ने किया ध्वस्त लगभग 3000 वर्गगज है जमीन



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** बाबरपुर मुस्तकिल में नगर निगम की जमीन पर कब्जे का प्रयास किया गया। कुछ लोगों ने फेंसिंग कर दी। जानकारी होने के बाद नगर निगम की टीम ने फेंसिंग को ध्वस्त कर दिया। साथ ही चेतावनी दी गई कि अगर फिर से किसी ने भूमि पर कब्जे का प्रयास किया तो उसके सामान को जब्त करने के साथ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बाबरपुर स्थित गाटा संख्या 1/1 में 3000 वर्गगज जमीन खाली पड़ी हुई है। सिकंदरा टॉम के पीछे खाली पड़ी जमीन पर नगर निगम द्वारा पार्क विकसित करने की योजना है। स्थानीय काश्तकारों ने पिलर लगा कर इस जमीन पर फेंसिंग कर ली थी। इसकी जानकारी जब नगर निगम प्रशासन को हुई तो अपर नगर आयुक्त सुरेंद्र प्रसाद यादव ने राजस्व निरीक्षक वैभव यादव को कार्रवाई के आदेश दिये थे। इस पर कार्रवाई करते हुए नगर निगम की टीम ने जेसीबी की सहायता से सभी पिलर को ध्वस्त कर भूमि का कब्जा मुक्त करा लिया। कार्रवाई के दौरान और अवेंजर इंद्रजीत सिंह भी उपस्थित रहे। इससे पहले भी नगर निगम की कई जमीनों पर कुछ लोग कब्जे का



प्रयास कर चुके हैं। वहीं दूसरी ओर रोड किनारे घर के सामने एक व्यक्ति द्वारा दुकान का निर्माण करा लिया था। नवलगंज में शहादरा चुंगी के निकट बनाई गयी दुकान को रेशम मुकेश पुत्र स्व0 सुंदर लाल चला रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर नगर की टीम ने मौके पर पहुंचकर दुकान को जेसीबी से ध्वस्त कर फुटपाथ को खाली करा लिया। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी उपस्थित थे।

# फतेहपुर सीकरी में किसान के घर फायरिंगः इंजन तोड़ने की शिकायत से नाराज दो भाइयों ने वारदात को दिया अंजाम



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** फतेहपुर सीकरी के ग्राम पंचायत डीठवार में एक किसान के घर पर फायरिंग का मामला सामने आया है। किसान साहब सिंह ने गुरुवार को गांव के दो भाइयों वीरों और हिम्मत सिंह के खिलाफ सिंचाई के इंजन तोड़ने की शिकायत की थी। इससे नाराज होकर दोनों भाइयों ने अपने करीब 12 साथियों के साथ किसान के घर पर कई राउंड फायरिंग कर दी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी राजस्थान की तरफ फरार हो गए। पुलिस ने मौके से तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। किसान साहब सिंह ने दोनों भाइयों और उनके अज्ञात साथियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।यह पहली बार नहीं है जब इन दोनों भाइयों ने ऐसी हरकत की है। एक सप्ताह पहले भी इन्होंने गांव के ठाकुर दीवान सिंह के घर पर फायरिंग की थी, जिस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। आरोपी भाई वीरों और हिम्मत सिंह, लाखन सिंह गुर्जर के पुत्र हैं।

# समाजवादी पार्टी के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पहुंचेंगे फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** नगर पंचायत दिनांक 18 4 2025 को समाजवादी पार्टी के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राहुल भारती जी समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेश शर्मा जी की पुत्री एवं आशीष शर्मा जी की बहन जी की शादी में शामिल होने के लिए डॉक्टर राहुल भारती जी शाम कल 6ः00 बजे फतेहाबाद पहुंचेंगे और शादी में शिरकत करेंगे वहीं समाजवादी के कार्यकर्ताओं में डॉ राहुल भारती के लिए स्वागत की तैयारी शुरू कर दी गई है समाजवादी पार्टी के ऋषि वाल्मीकि राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ और साथ में सभी समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने डॉ राहुल भारती के लिए स्वागत की तैयारी शुरू कर दी गई है

# जिलाधिकारी हर रोज जनता दर्शन में करा रहे समस्याओं का त्वरित निराकरण



**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा आम जनमानस की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिदिन प्रातः जनता दर्शन का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले नागरिक अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक एवं प्रशासनिक समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी से सीधे मुलाकात कर रहे हैं। जनता दर्शन के माध्यम से नागरिकों को एक सशक्त मंच प्राप्त हो रहा है, जहाँ उनकी शिकायतों को सुनकर संबंधित विभागों को तत्काल समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देशित किया जा रहा है। डीएम स्वयं समस्याओं की गंभीरता के अनुसार प्राथमिकता तय कर त्वरित निराकरण सुनिश्चित कर रहे हैं। आज के जनता दर्शन में भूमि विवाद, पेंशन, विद्युत, राजस्व एवं पुलिस संबंधी प्रार्थनापत्र प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए निश्चित समय-सीमा में समाधान के लिए निर्देशित किया गया है। जट्टारी निवासी सीआईएसएफ उपनिरीक्षक रामकुमार ने आश्रित प्रमाण पत्र बनाए जाने का अनुरोध किया, जिसे तत्काल तहसीलदार खैर को निर्देशित कर निस्तारण कराया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। जनता दर्शन कार्यक्रम इसी दिशा में एक सराहनीय प्रयास है।


**कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, आगरा**

**चेतावनी**

**विषाक्त मदिरा सदैव जानलेवा**

जन सामान्य को सूचित किया जाता है कि अवैध अड्डो से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें, क्योकि अवैध अड्डो से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है। तथा मिथयल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है तथा इसके अल्प मात्र के सेवन से ऑखों की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। यदि किसी व्यक्ति को अवैध मदिरा की विक्री की सूचना प्राप्त होती है तो निम्न मोबाइल नम्बर- 9454466346,9454466347,9454466348,9454466349,9454466350,9454466356,9454466351,9454466854,9454466352,9454466848,9454466357,9454466849,9454466355 पर तत्काल सूचना दें। आप द्धारा दी गई सूचना, ऐसे अड्डो पर तुरंत प्रशासनिक कार्यवाही में मददगार हो सकती है। सूचना देने वाले का नाम व पता गुप्त रखा जायेगे।

**जिला आबकारी अधिकारी,**
**आगरा**
**मो.नं. 9454465661**

